उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग,

हरिद्वार–249404

संख्याः 263/01/डी0आर0(डिग्री)/सेवा–2/2021–22 **दिनांकः 30 नवम्बर, 2023**

लघु विज्ञप्ति

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि असिस्टेंट प्रोफेसर (राजकीय महाविद्यालय) चयन–2021, असिस्टेंट प्रोफेसर हिन्दी (HINDI) विषयान्तर्गत विज्ञप्ति दिनांक 06 जुलाई, 2023 के क्रम में अनर्ह सूची, अभ्यर्थन निरस्त सूची एवं अधिमानी अर्हता विषयक सूची के संबंध में अभ्यर्थियों को प्रत्यावेदन प्रस्तुत करने के लिए नियमानुसार 15 दिन, दिनांक 21 जुलाई, 2023 तक समय प्रदान किया गया था, जिसके सापेक्ष अभ्यर्थियों द्वारा अभिलेख प्रस्तुत किये जाने की अंतिम तिथि तक प्राप्त प्रत्यावेदनों का परीक्षण करते हुए प्रत्यावेदनों का निस्तारण मा0 आयोग द्वारा कर दिया गया है, जिसके क्रम में अंतिम रूप से अनर्ह अभ्यर्थियों की सूचना आयोग की ***वेबसाईट psc.uk.gov.in*** पर प्रसारित की गयी है।

उक्त के अतिरिक्त असिस्टेंट प्रोफेसर हिन्दी (HINDI) विषयान्तर्गत साक्षात्कार हेतु अर्ह अभ्यर्थियों की संख्या निर्धारित पदों के सापेक्ष 2 गुने से कम होने के कारण परीक्षा परिणाम निर्माण प्रक्रिया नियमावली–2012 के चतुर्थ संशोधन–2016 के नियम–05 में उल्लिखित प्राविधान के क्रम में पदों के सापेक्ष ए0पी0आई0 की मेरिट के आधार पर श्रेणीवार/उपश्रेणीवार अतिरिक्त अभ्यर्थियों को औपबन्धिक रूप से शार्टलिस्ट किया गया है औपबन्धिक नवीन शार्टलिस्ट अभ्यर्थियों के संबंध में सूचना आयोग की ***वेबसाइट psc.uk.gov.in*** पर प्रसारित की गयी है। नवीन शार्टलिस्ट अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाईन आवेदन पत्र में किये गये दावों से संबंधित अभिलेख आयोग कार्यालय, उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग में **दिनांक 15 दिसम्बर, 2023 (शुक्रवार) सायं 06:00 बजे** तक उपलब्ध कराये जाने है। उक्त तिथि के पश्चात् प्राप्त किसी भी अभिलेख पर विचार नहीं किया जायेगा।

यह भी सूचित किया जाता है कि अभ्यर्थियों को इस संबंध में डाक के माध्यम से पृथक से सूचना प्रदान नही की जायेगी।

-Sd/
(गिरधारी सिंह रावत)
सचिव।